चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 12.9.22 | 2 | 1-8 |

# एचएयू में दो दिवसीय कृषि मेला कल से शुरू, प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 13 सितंबर से दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) शुरू हो रहा है। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड स्थित मेला ग्राउंड में किया जाएगा।

इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति मुख्य अतिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।



एचएयू में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कृषि मेला के लिए कमेटियों के कार्यों की समीक्षा करते। संवाद

## इन किसानों को मिलेगा सम्मान

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले किसानों में बावल के ढाणी सुंदरोज से वेद प्रकाश, सोनीपत के गांव थाना खुर्द से सतेंद्र, पंचकूला के गांव ठरवा से संदीप, करनाल के गांव डबरी से गुरबाज सिंह, जींद से नवीन, यमुनानगर के गांव मारवा कलां से राम प्रताप सिंह, पानीपत के इसराना से पोरस, हिसार के गांव सलेमगढ़ से विकास, महेंद्रगढ़ के गांव ककराला से विरेन्द्र सिंह, अंबाला के गांव खतौली से आदित्य जिंदल, कैथल के गांव चिका से अमित गोयल, रोहतक के गांव मदीना से राजकुमार, मंढकोला के गांव औरंगाबाद से राकेश कुमार, कुरुक्षेत्र के पेहोवा से प्रकाश सिंह, भिवानी के गांव लोहानी से अशोक शर्मा, फरीदाबाद के गांव बहादरपुर से कुलदीप कौशिक, फतेहाबाद के गांव धौलू से राधे श्याम, सिरसा की ढाणी शेरा से रमेश भादू एवं झज्जर के गांव नागली से जोगिन्द्र गुलिया शामिल हैं।

## किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे वैज्ञानिक

मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए किसान-गोष्ठियों का आयोजन होगा, जिनमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को कृषि और पशुपालन-संबंधी समस्याओं का हल बताएंगे। इसके साथ वे फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी उपयोगी जानकारियां मुहैया करवाएंगे। किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें व उनमें प्रयोग की गई प्रौद्योगिकी की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## किसान बीजों के लिए आधार कार्ड साथ लाएं

गेहूं की डब्ल्यूएच-1270, 1105, 711, 1124, 1142 व 1184, गेहूं की ही एचडी-2967, 3086 व 3226, गेहूं की डीबीडब्ल्यू 222 व 303 किस्मों, सरसों की आरएच-725,30 व 749 किस्मों, जौ की बीएच-393, चने की एचसी-1, 5 व 7 किस्मों का आधार (फाउंडेशन) व प्रमाणित (सर्टिफाइड) बीज उपलब्ध होगा। बीज की खरीद के लिए किसानों को अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लेकर आना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 12.9.22 | 5 | 4-6 |

# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित : काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बैठक में कृषि मेला की व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए

हिसार, 11 सितम्बर (विरेंद्र वर्मा) : एचएयू का दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) 13 से, कृषि में जल संरक्षण होगा मेले का विषय एचएयू 13 सितम्बर से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए अपने सुझाव दिए। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए किसान गोष्ठियों का आयोजन होगा जिनमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों की कृषि व पशुपालन संबंधी समस्याओं का हल बताएंगे। इसके साथ वे फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी उपयोगी जानकारियां मुहैया करवाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 12.9.22 | 4 | 3-4 |



*बैठक में कृषि मेले की व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की समीक्षा करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।*

# कृषि मेले में सम्मानित होंगे प्रगतिशील किसान

हिसार, 11 सितम्बर, (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13 सितम्बर से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोजने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा।

सम्मानित होने वाले किसानों में जिला बावल के ढाणी सुंदरोज से वेदप्रकाश, सोनीपत के गांव थाना खुर्द से सतेंद्र, पंचकुला के गांवठरवा से संदीप, करनाल के गांवडबरी से गुरबाज सिंह, जींद से नवीन, यमुनानगर के गांव मारवा कलां से राम प्रताप सिंह, पानीपत के इसराना से पोरस, हिसार के गांव सलेमगढ़ से विकास, महेन्द्रगढ़ के गांव ककराला से विरेन्द्र सिंह, अम्बाला के गांव खतौली से आदित्य जिंदल, कैथल के गांव चीका से अमित गोयल, रोहतक के गांव मरोधी से राजकुमार, मंडकोला के गांव औरंगाबाद से राकेश कुमार, कुरुक्षेत्र के पेहोवा से प्रकाश सिंह, भिवानी के गांव लोहानी से अशोक शर्मा, फरीदाबाद के गांव बहादरपुर से कुलदीप कौशिक, फ़तेहाबाद के गांव धौलू से राधेश्याम, सिरसा की ढांणी शेरा से रमेश भादू एवं झज्जर के गांव नांगली से जोगिन्द्र गुलिया शामिल हैं।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 12.9.22 | 9 | 1-4 |

एचएयू का दो दिवसीय कृषि मेला कल से, जलसंरक्षण होगा मेले का विषय

# प्रत्येक जिले से प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13 सितम्बर से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए अपने सुझाव दिए। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



हिसार। बैठक में कृषि मेला की व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की समीक्षा करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो : हरिभूमि

### कृषि में जलसंरक्षण पर जोर रहेगा

कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ पर हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

### किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे वैज्ञानिक

मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए किसान गोष्ठियों का आयोजन होगा जिनमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों की कृषि व पशुपालन संबंधी समस्याओं का हल बताएंगे। इसके साथ वे फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी उपयोगी जानकारियां मुहैया करवाएंगे। इसके अलावा मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिससे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों व तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी।

### किसान बीजों के लिए आधार कार्ड साथ लाएं

गेहूं की डब्ल्यूएच-1270, 1105, 711, 1124, 1142 व 1184, गेहूं की ही एचडी-2967, 3086 व 3226, गेहूं की डीबीडब्ल्यू 222 व 303 किस्में, सरसों की आरएच-725,30 व 749 किस्में, जौ की बीएच-393, चने की एचसी-1, 5 व 7 किस्मों का आधार (फाउंडेशन) व प्रमाणित (सर्टिफाइड) बीज उपलब्ध होगा। बीज की खरीद के लिए किसानों को आधार कार्ड लेकर आना होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 12.9.22 | 4 | 2-5 |


# एचएयू के कृषि मेले में प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित : प्रो. काम्बोज

## एचएयू का दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) कल से | जल संरक्षण होगा मेले का विषय

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13 सितम्बर से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए अपने सुझाव दिए।

इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति काम्बोज, मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डा. विनोद कुमार वर्मा और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले किसानों में जिला बावल के ढानी सुंदरोज से वेद प्रकाश, सोनीपत के गांव थाना खुर्द से सतेंद्र, पंचकुला के गांव ठरवा से संदीप, करनाल के गांव डबरी से गुरबाज सिंह, जींद से नवीन, यमुनानगर के गांव मारवा कलां से राम प्रताप सिंह, पानीपत के इसराना से पोरस, हिसार के गांव सलेमगढ़ से विकास, महेन्द्रगढ़ के गांव ककराला से विरेन्द्र सिंह, अंबाला के गांव खतौली से आदित्य जिंदल, मंडकोला के गांव औरंगाबाद से राकेश कुमार, कुरुक्षेत्र के पेहोवा से प्रकाश सिंह, भिवानी के गांव लोहानी से अशोक शर्मा हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बैठक में कृषि मेला की व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए। • पीआरओ

**किसान बीजों के लिए आधार कार्ड साथ लाएं :** गेहूं की डब्ल्यू. एच.-1270, 1105, 711, 1124, 1142 व 1184, गेहूं की ही एच.डी.-2967, 3086 व 3226, गेहूं की डी.बी.डब्ल्यू. 222 व 303 किस्मों, सरसों की आर. एच.-725,30 व 749 किस्मों, जौ की बी. एच.-393, चने की एच.सी.-1, 5 व 7 किस्मों का आधार (फाउंडेशन) व प्रमाणित (सर्टिफाइड) बीज उपलब्ध होगा।

### किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे विज्ञानी

मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए किसान गोष्ठियों का आयोजन होगा जिनमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों की कृषि व पशुपालन संबंधी समस्याओं का हल बताएंगे। इसके साथ वे फ़सलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी उपयोगी जानकारियां मुहैया करवाएंगे। आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें व उनमें प्रयोग की गई प्रौद्योगिकी की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12-9-22 | 2 | 6-8 |

# कृषि मेले में जुटेंगे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली यूपी व राजस्थान के किसान, कमेटियां बनीं

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13 सितम्बर से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मेले में हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान पहुंचेंगे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा।



कुलपति प्रो. काम्बोज कृषि मेला की समीक्षा करते हुए।

## बीजों के लिए आधार कार्ड साथ लाएं

गेहू की डब्ल्यू. एच.-1270, 1105, 711, 1124, 1142 व 1184, एच.डी.-2967, 3086 व 3226, डी.बी.डब्ल्यू. 222 व 303 किस्मों, सरसों की आर.एच.-725,30 व 749 व जौ की बी. एच.-393 बीज मिलेंगे। बीजों के लिए आधार कार्ड साथ लाएं।

## कृषि मेला में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। इन में बावल के वेद प्रकाश, सोनीपत के सतेंद्र, पंचकुला के संदीप, करनाल के गुरबाज सिंह, जींद से नवीन, यमुनानगर के राम प्रताप सिंह, पानीपत के इसराना से पोरस, हिसार के गांव सलेमगढ़ से विकास, महेन्द्रगढ़ के गांव ककराला से धिरेन्द्र सिंह, अंबाला के गांव खतौली से आदित्य जिंदल, कैथल के गांव चिका से अमित गोयल, रोहतक के गांव मरोधी से राजकुमार, मंडकोला के गांव औरंगाबाद से राकेश कुमार, कुरुक्षेत्र के पेहोवा से प्रकाश सिंह, भिवानी के गांव लोहानी से अशोक शर्मा, फरीदाबाद के गांव बहादरपुर से कुलदीप कौशिक, फतेहाबाद के गांव धौलू से राधे श्याम, सिरसा की ढाणी शेरा से रमेश भादू एवं झज्जर के गांव नांगली से जौगिन्द्र गुलिया शामिल हैं।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 12.09.2022 | -- | -- |

# एचएयू का 2 दिवसीय कृषि मेला कल से

## आज समाज नेटवर्क

चंडीगढ़। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 13 सितम्बर से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) की तैयारियों की कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए किसान गोष्ठियों का आयोजन होगा जिनमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों की कृषि व पशुपालन संबंधी समस्याओं का हल बताएंगे। इसके साथ वे फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी उपयोगी जानकारियां मुहैया करवाएंगे। आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें व उनमें प्रयोग की गई प्रौद्योगिकी की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी जिससे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों व तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। इस प्रदर्शनी में स्वालंबी भारत-आत्मनिर्भर किसान पैवेलियन होगा जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने वाले किसान अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने यह भी बताय कि गेंहू की डब्ल्यू. एच.-1270, 1105, 711, 1124, 1142 व 1184, गेहूं की ही एच.डी.-2967, 3086 व 3226, गेहूं की डी.बी.डब्ल्यू. 222 व 303 किस्मों, सरसों की आर.एच.-725,30 व 749 किस्मों, जौ की बी. एच.-393, चने की एच.सी.-1, 5 व 7 किस्मों का आधार (फाउंडेशन) व प्रमाणित (सर्टिफाइड) बीज उपलब्ध होगा। बीज की खरीद के लिए किसानों को अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लेकर आना होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 11.09.2022 | -- | -- |

# कृषि मेला 13 से, सलेमगढ़ के किसान विकास होंगे सम्मानित

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 11 सितंबर



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13 सितम्बर से शुरू होने वाले दो द्विसीय कृषि मेले (खरीफ) की तैयारियां पूण4 कर ली गई हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए अपने सुझाव दिए।

उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस बार कृषि मेले का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि मेले के शुभारंभ अवसर पर कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि कृषि मेले में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले किसानों में जिला बावल के ढाणी सुंदरोज से वेद प्रकाश, सोनीपत के गांव थाना खुर्द से सतेंद्र, पंचकुला के गांव टरवा से संदीप, करनाल के गांव डबरी से गुरबाज सिंह, जींद से नवीन, यमुनानगर के गांव मारवा कलां से राम प्रताप सिंह, पानीपत के इसराना से पोरस, हिसार के गांव सलेमगढ़ से विकास, महेन्द्रगढ़ के गांव ककराला से विरेन्द्र सिंह, अंबाला के गांव खतौली से आदित्य जिंदल, कैथल के गांव चिका से अमित गोयल, रोहतक के गांव मरोधी से राजकुमार, मंडकोला के गांव औरंगाबाद से राकेश कुमार, कुरुक्षेत्र के पेहोवा से प्रकाश सिंह, भिवानी के गांव लोहानी से अशोक शर्मा, फरीदाबाद के गांव बहादरपुर से कुलदीप कौशिक, फतेहाबाद के गांव धौलू से राधे श्याम, सिरसा की ढाणी शेरा से रमेश भादू व झज्जर के गांव नांगली से जोगिन्द्र गुलिया शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान आने वाले किसानों की खेतीबाड़ी संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए किसान गोष्ठियों का आयोजन होगा जिनमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों की कृषि व पशुपालन संबंधी समस्याओं का हल बताएंगे। इसके साथ वे फसलों, बीजों, किस्मों व अन्य सभी उपयोगी जानकारियां मुहैया करवाएंगे। उन्होंने बताया कि आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ फसलें व उनमें प्रयोग की गई प्रौद्योगिकी की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मेले में कृषि संबंधी व कृषि औद्योगिकी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिससे किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों व तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। इस प्रदर्शनी में स्वावलंबी भारत - आत्मनिर्भर किसान पैवेलियन होगा जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने वाले किसान अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान बीजों के लिए आधार कार्ड साथ लाएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 12.09.2022 | -- | -- |

# एचएयू के कृषि मेले में प्रत्येक जिले से प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानितः प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 13 सितम्बर से शुरू हो रहे दो दिवसीय कृषि मेला (खरीफ) के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। कुलपति प्रो. बी. आर.



काम्बोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए अपने सुझाव दिए। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**एचएयू का दो दिवसीय कृषि मेला ( खरीफ) 13 से, कृषि में जल संरक्षण होगा मेले का विषय**

कृषि में जल संरक्षण होगा मेले का विषय

इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज, मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 12.09.2022 | -- | -- |

# हकृवि कृषि मेले में प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित : कुलपति



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बैठक में कृषि मेला की व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए।

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी हिसार : विश्वविद्यालय प्रशासन अनुसार आगामी 13 सितम्बर से शुरू हो रहे हकृवि के दो दिवसीय कृषि मेला की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मेले में हर साल हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान जुटते हैं। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने कृषि मेला में व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और इस आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए अपने सुझाव दिए। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया है कि वे कृषि मेले में आकर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों, तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस बार कृषि मेला का मुख्य विषय कृषि में जल संरक्षण होगा। मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के सामने बालसमंद रोड पर मेला ग्राउंड में किया जाएगा। मेले के शुभारंभ अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज, मुख्यातिथि होंगे जबकि लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कृषि मेला में प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया जाएगा।